भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 527

1 अप्रैल, 2026 के लिए प्रश्न

भारतीय खाद्य निगम और केंद्रीय भंडारण निगम की दक्षता

***527 श्री सतपाल ब्रह्मचारीः**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हरियाणा के सोनीपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय खाद्य निगम और केंद्रीय भंडारण निगम के गोदामों/भांडागारों के प्रबंधन, भंडारण क्षमता और वितरण प्रणाली की दक्षता बढ़ाने की कोई आवश्यकता है;

(ख) उक्त क्षेत्र में वर्तमान में भारतीय खाद्य निगम और केंद्रीय भंडारण निगम के तहत संचालित गोदामों की संख्या कितनी है और इन गोदामों की भंडारण क्षमता तथा प्रबंधन की स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि को रोकने के लिए कोई विशेष निगरानी या आपूर्ति प्रबंधन तंत्र स्थापित किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त तंत्र के कारण सोनीपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र को क्या लाभ प्राप्त हुए हैं?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

लोक सभा में दिनांक 01 अप्रैल, 2026 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न सं. 527 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) और (ख): भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्लयूसी) के गोदामों/भांडागारों के प्रबंधन, भंडारण क्षमता और वितरण प्रणाली की दक्षता को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस), वाहन स्थान ट्रैकिंग प्रणाली (वीएलटीएस), विंग्स (वेयरहाउस इन्वेंटरी नेटवर्क और गवर्निंग सिस्टम), अन्न दर्पण, डिपो दर्पण, स्मार्ट भांडागार, स्मार्ट पीडीएस, जैसी डिजिटल और प्रचालनात्मक पहलों को अपनाकर निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि पारदर्शिता, दक्षता और संबंधित मापदंडों की वास्तविक समय की निगरानी को बढ़ाया जा सके।

सोनीपत लोकसभा क्षेत्र, हरियाणा में एफसीआई के 21 गोदाम हैं। इसका ब्यौरा **अनुबंध-क** के रूप में संलग्न है। सोनीपत में 50,000 टन क्षमता सहित हरियाणा में 7 स्थानों पर 4.75 लाख टन क्षमता के साइलोज प्रचालनरत हैं। सोनीपत में सीडब्ल्यूसी का 18500 टन क्षमता वाला एक भांडागार है।

(ग) और (घ): सरकार, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं (ओडब्ल्यूएस) की आवश्यकताओं से अधिक अधिशेष खाद्यान्न (गेहूं और चावल) को खुला बाजार बिक्री योजना (घरेलू) (ओएमएसएस(डी)) के तहत खुली बिक्री के माध्यम से बेचती है। इससे बाजार में खाद्यान्न की उपलब्धता बढ़ती है, जिससे मुद्रास्फीति पर नियंत्रण होता है, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है और नागरिकों के लिए खाद्यान्न अधिक किफायती बनते हैं।

इसके अतिरिक्त, आटा (गेहूं का आटा) और चावल को सब्सिडीयुक्त दरों पर उपलब्ध कराने के लिए, दिनांक 06.11.2023 और 06.02.2024 को क्रमशः भारत आटा और भारत चावल को शुरू किया गया था।

इसके अलावा, उपभोक्ता मामले विभाग 578 मूल्य निगरानी केंद्रों के माध्यम से 40 आवश्यक खाद्य वस्तुओं के दैनिक मूल्यों की निगरानी करता है।

खाद्य वस्तुओं के मूल्य प्रायः अस्थिर रहते हैं क्योंकि वे कई कारकों जैसे उत्पादन में मौसमी बदलाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, अंतरराष्ट्रीय मूल्यों में वृद्धि आदि से प्रभावित होते हैं। मूल्यों में अस्थिरता खाद्य उपभोग बजट में वृद्धि के रूप में उपभोक्ताओं को प्रभावित करती है। मूल्यों में अस्थिरता को नियंत्रित करने और उपभोक्ताओं की कठिनाइयों को कम करने के लिए सरकार मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) का कार्यान्वयन करती है।

सरकार आवश्यक वस्तुओं के उत्पादन एवं उपलब्धता पर अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) द्वारा नियमित समीक्षाओं के माध्यम से कड़ी निगरानी रखती है।

आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि पर नियंत्रण हेतु उपर्युक्त निगरानी अथवा आपूर्ति प्रबंधन तंत्र सोनीपत, हरियाणा सहित देशभर में लाभकारी सिद्ध हो रहा है।

******

अनुबंध-क

लोक सभा में दिनांक 01.04.2026 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न सं. 527 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

सोनीपत लोकसभा क्षेत्र, हरियाणा के 21 गोदामों का ब्यौरा।

केन्द्र का नाम	क्र. सं.	गोदाम का नाम	क्षमता (टन)	प्रबंधन की स्थिति
जींद	1.	पीईजी सविता मित्तल खटकड़, जींद	39,330	पीईजी, एफसीआई द्वारा जीयूबी पर किराए पर लिया गया।
	2.	पीईजी अनीता गोयल	23,950	पीईजी, एफसीआई द्वारा जीयूबी पर किराए पर लिया गया।
	3.	एचएआईसी जींद	22,166	एग्रो से जीयूबी पर किराए पर लिया गया।
	4.	पीईजी पूनम इग्राह, जिंद	26,720	पीईजी, एफसीआई द्वारा जीयूबी पर किराए पर लिया गया।
सफीदों	5.	एफएसडी सफीदों	15,660	स्वामित्व
	6.	एमजी सफीदों	9,360	स्वामित्व
	7.	पीईजी परवीन	27,000	पीईजी, एफसीआई द्वारा जीयूबी पर किराए पर लिया गया।
	8.	पीईजी अनिता डिडवाड़ा	10,000	पीईजी, एफसीआई द्वारा जीयूबी पर किराए पर लिया गया।
	9.	पीईजी सुशीला सरोज बाला	10,000	पीईजी, एफसीआई द्वारा जीयूबी पर किराए पर लिया गया।
	10.	पीईजी विनोद कुमार	15,000	पीईजी, एफसीआई द्वारा जीयूबी पर किराए पर लिया गया।
	11.	पीईजी आर. कुंडू	18,340	पीईजी, एफसीआई द्वारा जीयूबी पर किराए पर लिया गया।
सोनीपत	12.	एफएसडी सोनीपत	11,178	स्वामित्व
	13.	एचएआईसी मुरथल	30,000	एग्रो से जीयूबी पर किराए पर लिया गया।
	14.	सीडब्ल्यूसी बरही	18,894	एफसीआई द्वारा जीयूबी पर किराए पर लिया गया।
	15.	सीडब्ल्यूसी सोनीपत	14,146	पीईजी, एफसीआई द्वारा जीयूबी पर किराए पर लिया गया।
	16.	पीईजी ए.डी. कॉम्प्लेक्स, महरा	35,700	जीयूबी पर किराए पर लिया गया।
	17.	पीईजी निर्मलेश निर्थान	15,010	जीयूबी पर किराए पर लिया गया।
गोहाना	18.	एफएसडी गोहाना	26,448	स्वामित्व
	19.	पीईजी पार्वती देवी	19,590	जीयूबी पर किराए पर लिया गया।
	20.	पीईजी अनुराधा सिंघल (रूखी)	5,561	जीयूबी पर किराए पर लिया गया।
	21.	पीईजी अनुराधा रामगढ़	55,000	जीयूबी पर किराए पर लिया गया।

तालिका में प्रयुक्त संक्षिप्त रूप:

पीईजी: निजी उद्यमी गारंटी

एचएआईसी: हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड

सीडब्ल्यूसी: केंद्रीय भंडारण निगम

एफएसडी: खाद्य भंडारण डिपो

जीयूबी: गारंटीकृत उपयोग आधार

*****